Title: Need to provide air service to Sravasti in Bahraich Parliamentary Constituency, U.P. from Delhi and Lucknow – Laid.

श्री पदमसेन चौधरी (बहराइच) : अध्यक्ष महोदय, बहराइच संसदीय क्षेत्र देश के उत्तरी भाग में स्थित है। इसमें बहराइच और श्रावस्ती दोनों जनपद हैं। श्रावस्ती भगवान बुद्ध की तपोस्थली है। बौद्ध धर्म का तीर्थस्थल है। बौद्ध धर्म के अनुयायी प्रतिर्वा हजारों की संख्या में इस तपोस्थल के दर्शनार्थ जाते हैं। विदेशों से भी बड़ी संख्या में बौद्ध धर्मी इस पवित्र स्थल के दर्शनार्थ आते हैं। 1997 में वहां हवाई अड्डे का निर्माण किया गया था। लेकिन श्रावस्ती के लिये विमान सेवा उपलब्ध न होने के कारण बौद्धधर्मियों तथा अन्य देशों से आने वाले विदेशी पर्यटकों को भारी असुविधा होती है। अतः सरकार से अनुरोध है कि दिल्ली-लखनऊ को जोड़ते हुए कम से कम सप्ताह में एक दिन श्रावस्ती के लिए उड़ान सुनिश्चित की जाये ताकि बौद्धधर्मियों को श्रावस्ती पहुंचने में सुविधा हो सके और वे पवित्र भगवान बुद्ध की तपोस्थली का दर्शन कर सकें तथा इस क्षेत्र का विकास हो सके।